रजिस्टर्ड नं0 HP/13/SML-2008.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, सोमवार, 1 दिसम्बर, 2008 / 10 अग्रहायण, 1930

हिमाचल प्रदेश सरकार

पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 27 नवम्बर, 2008

संख्याः टी0एस0एम.एफ(6)–3 / 2001.लूज.––यतः राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन के लिए नामतः मुहाल सुजा, तथा मुहाल बिलिंग, मौजा बीर, तहसील बैजनाथ, जिला कांगडा, हिमाचल प्रदेश में ऐरो स्पोर्टस गतिविधियों के विकास हेतु भू–– अर्जन अधिनियम 1894 (1894 का पहला अधिनियम) के अन्तर्गत भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरण में निर्दिष्ट किया गया है उपरोक्त प्रयोजजेन के लिए भूमि का अर्जन करना अपेक्षित है ।

यह अधिसचूना ऐसे सभी व्यक्तियों को जो इससे सम्बन्धित हैं, या हो सकते हैं की जानकारी के लिए भू–अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–6 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है तथा उक्त अधिनियम की धारा–7 के अधीन भू–अर्जन समाहर्ता (उपमण्डलाधिकारी) बैजनाथ को उक्त भूमि अर्जन करने के आदेश देने का एतदद्वारा निर्देश दिया जाता है।

पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने और उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य कार्यो को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते है ।

अत्याधिक आवश्यकता को दृष्टि में रखते हूए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश उक्त अधिनियम की धारा–17 की उप–धारा–4 के अधीन यह भी निर्देश देते हैं कि उक्त अधिनियम की धारा–9 की उपधारा (1) के अधीन सूचना के प्रावधान से 15 दिन की अवधि समाप्त होने तक पलाट देने से पूर्व अकृष्ट एवं कृषित भूमि का कब्जा ले सकता है।

'' विवरणी ''

जिला	तहसील	मुहाल	मौजा	खसरा न0	रकबा (हैक्टेयर)
कांगड़ा	बैजनाथ	सुजा	बीड़	400	0.36.12
				किता 1	0.36.12
कांगड़ा	बैजनाथ	बिलिंग	बीड़	497	0.02.42
				483	0.06.55
				505	0.01.92
				509	0.03.24
				498	0.01.92
				504	0.03.05
				506	0.00.75
				500	0.06.45
				501	0.02.99
				508	0.02.86
				507	0.00.56
				481	0.16.44
				482	0.03.80
				499	0.05.39
				512	0.05.95
				503	0.02.73
				कुल किता 16	0.67.02

कुल किता 16+1 = 17
कुल रकबा 0.36.12
0.67.02
0.103.14 हैक्टेयर

आदेश द्वारा,

मनीषा नंदा
सचिव ।

तकनीकी शिक्षा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग

अधिसूचना

शिमला–2 24 नवम्बर, 2008

संख्या ई.डी.एन. (टी ई) ए (3) 6/2007.––हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा एव्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापक

इलैक्ट्रोनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग वर्ग. 1, (राजपत्रित) पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न उपाबन्ध–'क' के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाते हैं, अर्थात :–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमो का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा,व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग वरिष्ठ प्राध्यापक इलैक्ट्रोनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग वर्ग–1, (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम 2008 हैं ।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश मे प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगें

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव ।

––––––––

उपाबन्ध –क

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग मे वरिष्ठ प्राध्यापक इलैक्ट्रोनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग वर्ग–ए 1 (राजपत्रित) पद के भर्ती और प्रोन्नति नियम

1. **पद का नाम.––** वरिष्ठ प्राध्यापक इलैट्रोनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग (पालिटेक्निक)

2. **पदों की संख्या.––** 03 (तीन)

3. **वर्गीकरण.––** वर्ग –1 (राजपत्रित)

4. **वेतनमान.––** रुपये 10025–275–10300–340–12000–375–13500–400–15100 / –

5. **चयन पद अथवा अचयन पद.––** लागू नहीं ।

6. **सीधी भर्ती के लिए आयु.––** लागू नही ।

7. **सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अर्हताएं.––** लागू नही ।

8. **सीधि भर्ती के लिए विहित आयु और प्रोन्नति.––** आयु लागू नहीं ।
शैक्षणिक अर्हताएं की दशा में लागू होगी या नहीं.–– (शैक्षिक अर्हता) : लागू नहीं ।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो.––**दो वर्ष जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों और लिखित कारणों से आदेश दें ।

10. **भर्ती की पद्वति भर्ती सीधी होगी या.––** शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा ऐसा न होने पर सेकेण्डमैंट
प्रोन्नति प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्वतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतताः आधार पर ।

प्राध्यापक कम्पयूटर इजिनियरिंग / कम्पयूटर एप्लीकेशन में से प्रोन्नति द्वारा जिनका कम से कम पांच वर्ष का नियमितसेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवाए यदि कोई हो, को सहित पांच वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, ऐ प्राध्यापक कम्पयूटर इजिनियरिंग / कम्पयूटर एप्लीकेशन में से प्रोन्नति द्वारा जिनका कम से कम पांच वर्ष का नियमितसेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवाए यदि कोई हो, को सहित पांच वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, ऐसा न होने पर पर हिमाचल प्रदेश सरकार अन्य राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के विभागों में से समरुप वेतनमान में कार्यरत्त अधिकारियों में से सेकेन्डमैन्ट आधार पर ।

प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए पात्र अधिकारियों की उनके अपने अपने काडर में सेवाकाल के आधार पर पारस्परिक वरिष्ठता को छेडे बिना एक संयुक्त वरिष्ठता सूची तैयार की जाएगी ।

(1) प्रोन्नति के सभी मामलो में पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरण पद में की गई लगाातार तदर्थ सेवाए यदि कोई हो प्रोन्नति के लिए इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए इस शर्त के अधीन रहते हुए गणना में ली जाऐगी कि सम्भरण प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के प्श्चात् की गई थी ।

परन्तु उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरण पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई तदर्थ सेवा सहित जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने के पात्र समझें जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से उपर रखे जाऐंगे ।

परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है की कम से कम तीन वर्ष की न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा जो भी कम हो, होगी :

परन्तु यह और भी कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे ।

स्पष्टीकरण.––अंतिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबीलाइज्ड आमर्ड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नान टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और इनके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दी हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और इनके अर्न्तगत वरीयता लाभ दिए गए हों ।

(2) इसी प्रकार स्थाईकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरण पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवाए यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी ए यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी :

11. प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति / स्थानान्तरण की दशा में श्रेणियां (ग्रेड) जिनसे प्रोन्नति प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण किया जायेगा.–– प्राध्यापक इलैक्ट्रोनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग में से प्रोन्नति द्वारा जिनका कम से कम पांच वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवाए यदि कोई होए सहित पांच वर्ष का नियमित सेवाकाल हो एऐसा न होने पर, हिमाचल प्रदेश सरकार के अन्य विभागों में इस पद के समरुप वेतनमान में कार्यरत्त अधिकारियों में से सेकेन्डमैन्ट आधार पर ।

(1) प्रोन्नति के सभी मामलो में पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरण पद में की गई लगाातार तदर्थ सेवाए यदि कोई हो, प्रोन्नति के लिए इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए इस शर्त के अधीन रहते हुए गणना में ली जाऐगी कि सम्भरक प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात की गई थी ;

(i) उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई तदर्थ सेवा सहित जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने के पात्र समझें जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से उपर रखे जाऐंगे ;

परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, की कम से कम तीन वर्ष की न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगी :

परन्तु यह और भी कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे ।

स्पष्टीकरण.––अंतिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबीलाइज्ड आमर्ड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नान टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1972 के नियम –3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और इनके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दी हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसीज) रुल्ज, 1985 के नियम 3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और इनके अर्न्तगत वरीयता लाभ दिए गए हों ।

(2) इसी प्रकार स्थाईकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवाए यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी, यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी :

परन्तु की गई उपर्युक्त निर्दिष्ट तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात् जो स्थाईकरण होगा उसके फलस्वरुप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी ।

12. **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान् हो, तो उसकी संरचना.**–जैसे सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जायें ।

13. **भर्ती करने में किन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा.**–जैसा विधि द्वारा अपेक्षित है ।

14. **सीधी भर्ती के लिए आवश्यक अपेक्षा.–** लागू नहीं ।

15. **सीधी भर्ती द्वारा पद पर नियुक्ति के लिए चयन.–** लागू नहीं

16. **आरक्षण.–** लागू नहीं ।

17. **विभागीय परीक्षा.–** सेवा में प्रत्येक सदस्य को विभागीय परीक्षा नियम, 1997 में यथाविहित समय समय पर संशोधित विभागीय परीक्षा उतीर्ण करनी होगी ।

18. **शिथिल करने की शक्ति.**–जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचिन है वहां वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करके और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, आदेश द्वारा, इन नियमों में या इन नियमों के किन्ही उपबन्धो को किसी वर्ग या व्यक्ति(यों) के प्रवर्ग या पद (पदों) की बावत शिथिल कर सकेगी ।

———————

[*Authoritative English text of this Department Notification No. EDN (TE) A (3) 6 /2007 dated 24.11.2008 as required under Article 348 (3) of the constitution of India.*]

DEPARTMENT OF TECHNICAL EDUCATION, VOCATIONAL & INDUSTRIAL TRAINING

NOTIFICATION

Shimla-171002, 24 November, 2008.

No. EDN(TE)A(3)6/2007.— In exercise of the powers conferred by proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Himachal Pradesh, in consultation with the H. P. Public Service Commission, is pleased to make the Recruitment and Promotion Rules for the post of Senior Lecturer Electronics & Communication Engineering Class-I, (Gazetted) in the Department of Technical Education, Vocational & Industrial Training, H.P. as per Annexure-"A" attached to this notification, namely :—

1. *Short title and Commencement.***—** (1) These rules may be called the Himachal Pradesh Technical Education ,Vocational & Industrial Training Department , Senior Lecturer Electronics & Communication Engineering Class- I ,(Gazetted) Recruitment and Promotion Rules , 2008.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in the Raj patra, Himachal Pradesh.

By order,
Sd/-
Secretary.

———————

ANNEXURE–A

RECRUITMENT AND PROMOTION RULES FOR THE POST OF SENIOR LECTURER IN ELECTRONICS AND COMMUNICATION ENGINEERING (POLYTECHNICS) (CLASS-I , GAZETTED) IN THE DEPARTMENT OF TECHNICAL EDUCATION, VOCATIONAL & INDUSTRIAL TRAINING, HIMACHAL PRADESH

1. Name of the Post.— Senior Lecturer Electronics and Communication Engineering. (Polytechnic)

2. Number of posts.— 03 (Three)

3. Classification.— Class-I (Gazetted)

4. Scale of Pay.— Rs.10025-275-10300-340-12000-375-13500-400-15100/–

5. Whether Selection Post or Non-Selection.—Not applicableor.

6. Age for direct recruitment.— Not applicable.

7. Minimum educational qualification and other qualifications required for direct recruits.—Not applicable.

8. Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of the promotees.— Age : N.A

Educational Qualification.— N.A

9. Period of Probation, if any.— Two years subject to such further extension for a period not exceeding one year as may be ordered by the competent authority in special circumstances and reasons to be recorded in writing.

10. Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion, deputation, transfer and the percentage of posts to be filled in by various methods.—100% by promotion failing which on secondment basis.

11. In case of recruitment by promotion, deputation, transfer, grade from which promotion deputation /transfer is to be made.—By promotion from amongst the Lecturers Electronics and Communication Engineering having at least 05 years

regular or regular combined with continuous adhoc service, rendered if any, in the grade failing which on secondment basis from amongst the officers working on the analogous post and identical pay scale of this post from other H.P. Govt. Departments.

(1) In all cases of promotion, the continuous adhoc service rendered in the feeder posts, if any, prior to regular appointment to the post shall be taken into account towards the length of service as prescribed in these rules for promotion subject to the condition that adhoc Appointment/ promotion in the feeder category had been made after following proper acceptable process of selection in accordance with the provisions of R&P Rules;

(i) In all cases where a junior person becomes eligible for consideration by virtue of his/her total length of service (including the service rendered on adhoc basis, followed by regular service/ appointment) in the feeder post in view of the provisions referred to above, all persons senior to him/her in the respective category/post /cadre shall be deemed to be eligible for consideration and placed above the Junior persons in the field of consideration.

Provided further that all incumbents to be considered for promotions shall possess the minimum qualifying service of at least three years or that prescribed in the Recruitment and Promotion Rules for the Post whichever is less;

Provided further that where a junior person becomes ineligible to be considered for promotion on account of the requirements of the preceding proviso, the person(s) junior to him shall also be deemed to be ineligible for consideration of such promotion.

Explanation.— The last proviso shall not render the junior incumbent(s) in eligible for consideration for promotion if the senior ineligible persons happened to be Ex-servicemen recruited under the provisions of Rule-3 of the Demobilized Armed Forces Personnel (Reservation of vacancies in Himachal Pradesh State Non-Technical Services) Rules, 1972 and having been given the benefit of seniority there-under or recruited under the provisions of Rules-3 of the Exservicemen (Reservation of vacancies in the Himachal Pradesh Technical Services)Rules,1985 and having been given the benefit of seniority there under.

(2) Similarly, in all cases of confirmation, continuous adhoc service rendered on the feeder post, if any, prior to the regular appointment against such post shall be taken into account towards the length of service, if the adhoc appointment/promotion had been made after proper selection and in accordance with the provisions of the R&P Rules.

Provided that inter-se-seniority as a result of confirmation after taking into account, adhoc service as referred to above shall remain unchanged.

12. If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.—As may be constituted by the Govt. from time to time.

13. Circumstances under which the Himachal Pradesh Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.—As required under the Law.

14. Essential requirement for a direct recruitment.— Not applicable.

15. Selection for appointment to post by direct recruitment.—Not applicable.

16. Reservation.—Not applicable.

17. Departmental Examination.—Every member of the service shall pass a departmental examination as prescribed in the Himachal Pradesh Departmental Examination Rules, 1997as amended from time to time.

18. Power to Relax.— Where the State Govt. is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may, by orders for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission, relax any of the provisions of these Rules with respect to any class or category of persons or posts.

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचनाएं

शिमला–171002, 3 नवम्बर, 2008

संख्याः सिंचाई 11–152 / 2005.–यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव चक, तहसील अम्ब, जिला ऊना में पेयजल योजना चक सराए अकरोट पम्प हाऊस के निर्माण हेतु भूमि ली जानी अपेक्षित है, अतएव एतद द्वारा यह घोषित किया जाता है कि निम्नलिखित विस्तृत विवरणी में वर्णित भूमि उपर्युक्त प्रयोजन के लिए अपेक्षित है ।

2. भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 6 के उपबन्धों के अधीन सभी सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना के लिए घोषणा की जाती है तथा उक्त अधिनियम की धारा 7 के उपबन्धों के अधीन समाहर्ता, भू–अर्जन हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग कांगड़ा, जिला कांगड़ा को उक्त भूमि के अर्जन के लिए आदेश लेने का एतद द्वारा निर्देश दिया जाता है ।

3. भूमि का रेखांक, समाहर्ता, भू–अर्जन लोक निर्माण विभाग कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है ।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नम्बर	क्षेत्र / हैक्टेयर में
ऊना	अम्ब	चक	207 / 1	0–02–25

शिमला–171002, 17 नवम्बर, 2008

संख्याः सिंचाई 11–164 / 2007.–यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः महाल व मौजा मलकाना, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा में शाहनहर के निर्माण हेतु भूमि ली जानी अपेक्षित है, अतएव एतद द्वारा यह घोषित किया जाता है कि नीचे विवरणी में वर्णित भूमि उपर्युक्त प्रयोजन के लिए अपेक्षित है ।

2. यह घोषणा भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 6 के उपबन्धों के अधीन सभी सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना हेतू की जाती है तथा उक्त अधिनियम की धारा 7 के उपबन्धों के अधीन भू–अर्जन समाहर्ता, शाहनहर परियोजना फतेहपुर को उक्त भूमि के अर्जन करने के आदेश लेने का एतद द्वारा निर्देश दिया जाता है ।

3. इसके अतिरिक्त उक्त अधिनियम की धारा–17 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल यह निदेश देते हैं कि अत्यावश्यक मामला होने के कारण भू–अर्जन समाहर्ता, शाहनहर परियोजना फतेहपुर को उक्त अधिनियम की धारा (9) की उप धारा (1) के अधीन सूचना के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि समाप्त होने पर पंचाट देने से पूर्व भूमि का कब्जा ले सकता है ।

4. भूमि का रेखांक, भू–अर्जन समाहर्ता, शाहनहर परियोजना, फतेहपुर के कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है ।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नम्बर	क्षेत्र / हैक्टेयर में
कांगड़ा	इन्दौरा	मलकाना	297 / 1	0–01–62
			298	0–01–75
			1376 / 1 / 1	0–01–36
			299 / 1	0–01–93
			किता–4	0–06–66 है0

शिमला–171002, 26 नवम्बर, 2008

संख्याः सिंचाई 11–53 / 2008.–यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः महाल गांव करोट L.W.S.S. सैर टौवा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतदद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है, उपर्युक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है ।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को जो इस से सम्बन्धित हैं, या हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण करने और उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. कोई भी हितबद्ध व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के तीस दिनों की अवधि के भीतर लिखित रूप में भू–अर्जन समाहर्ता, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के समक्ष अपनी आपत्ति दायर कर सकता है ।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नम्बर	क्षेत्र / बिघा–बिस्वा में
बिलासपुर	सदर	करोट	569 / 542 / 1	0–15
			466 / 1	0–02
			किता–2	0–17

शिमला–171002, 17 नवम्बर, 2008

संख्या सिंचाई 11–109 / 2005–चम्बा.––यतः हिमाचल प्रदेश को सरकारी व्यय पर निम्नलिखित विर्निदिष्ट भूमि जैसा कि विवरणी में दर्शाया गया है, नहीं चाहिए ।

अतः अब राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–48 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस विभाग की अधिसूचना समसंखांक दिनांक 17–11–2005 व 02–05–2006 जो कि भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 4 व 6 तथा 7 के अन्तर्गत गांव सेरी, तहसील भरमौर, जिला चम्बा में मल निकासी टैंक के निर्माण हेतु अर्जित करने के लिए जारी कि गई थी, में जैसा कि नीचे दी गई विवरणी में विर्निदिष्ट है, भूमि अर्जन कार्यवाही सहर्ष वापिस लेते हैं ।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नम्बर	क्षेत्र / बिघा–बिस्वा में
चम्बा	भरमौर	सेरी	852 / 1	0–12
			864 / 3 / 1	0–08
			किता–2	1–00

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
प्रधान सचिव।

————————

लोक निर्माण विभाग

शिमला–2, 28 नवम्बर, 2008

अधिसूचना

संख्या पी0बी0डब्लयू0(बी)एफ(5)186 / 2008.––यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव टीहरा, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर में सुजानपुर–चौरी सड़क के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है, उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को, जो इससे सम्बन्धित हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भू–अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने और सर्वेक्षण करने तथा उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः अन्य सभी कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. कोई भी हितबद्व व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के तीस (30) दिन की अवधि के भीतर लिखित रुप में भू–अर्जन समाहर्ता, लोक निर्माण विभाग म0 क्षेत्र मण्डी के समक्ष अपनी आपत्ति दायर कर सकता है।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नम्बर	क्षेत्र / (कनाल मरले) में
हमीरपुर	सुजानपुर	टीहरा	889 / 868 / 1	3–0
			कुल किता–1	3–0

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव।

LOCAL AUDIT DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla, the 29th November, 2008

No.1-73/70-Fin (LA) Vol-6-6212-20.—On the recommendation of the Departmental Promotion Committee, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to order the promotion Shri Jai Gopal Sharma, Assistant Controller to the post of Deputy Controller in the pay scale of Rs.7880-11660, with immediate effect.

2. Consequent upon the above promotion, Shri Jai Gopal Sharma will continue to be posted in the Directorate of Urban Development, H. P. Shimla-171002.

3. The above promotion will, however, be subject to the final out come on the Writ Petition (Civil) No. 61/2002 titled M. Nagaraj & Ors. Versus Union of India & Ors and Writ Petition (Civil) No.295/2002- titled Devi Ram Tanwar & Ors. Versus Union of India & Ors in the Hon'ble Supreme Court of India.

4. Shri Jai Gopal Sharma will remain on probation for a period of two years. He may exercise option for his fixation of pay in the above post within one month from the date of this notification.

By order,
ARVIND MEHTA,
Pr. Secretary.

उद्योग विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 27 नबम्वर, 2008

संख्या इण्ड–II(बी)2–1/2007.––हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद–309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश, उद्योग विभाग में प्रयोगशाला परिचर, वर्ग– IV (अराजपत्रित) के पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न उपाबन्ध–'क' के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाती हैं, अर्थात्:–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग, प्रयोगशाला परिचर, वर्ग–IV (अराजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2008 है।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **निरसन एवं व्यावृतियां.––**(1) इस विभाग की अधिसूचना संख्या उद्योग–II (ख)2–11/96 तारीख 3–5–1997 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश, उद्योग विभाग प्रयोगशाला परिचर, (वर्ग–4) (अराजपत्रित) भर्ती एंव प्रोन्नति नियम, 1997 का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

2. ऐसे निरसन के होते हुए भी उपरोक्त उप–नियम(।) के अधीन इस प्रकार निरसित सुसंगत नियमों के अधीन की गई कोई नियुक्ति, बात या कार्रवाई इन नियमों के अधीन विधिमान्य रूप में की गई समझी जाएगीं ।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित/–
प्रधान सचिव।

उपाबन्ध 'क'

हिमाचल प्रदेश, उद्योग विभाग में प्रयोगशाला परिचर, वर्ग–IV (अराजपत्रित) के पद के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियम

1. पद का नाम.–प्रयोगशाला परिचर

2. पदों की संख्या.–2 (दो)

3. वर्गीकरण.–वर्ग–IV (अराजपत्रित)

4. वेतनमान.–2520–100–3220–110–3660–120–4140 रुपये

5 चयन पद अथवा अचयन पद.–लागू नहीं ।

6. सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु.–18 से 45 वर्ष :

परन्तु सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए उपरी आयु सीमा, तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों सहित पहले से सरकार की सेवा में रत अभ्यर्थियों को लागू नहीं होगी :

परन्तु यह और कि यदि तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया अभ्यर्थी, इस रूप में नियुक्ति की तारीख को अधिक आयु का हो गया हो, तो वह तदर्थ या संविदा के आधार पर, नियुक्ति के कारण विहित आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होगा ;

परन्तु यह और कि अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य वर्गों के व्यक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में उतनी ही छूट दी जा सकेगी जितनी कि हिमाचल प्रदेश सरकार के साधारण या विशेष आदेश (आदेशों) के अधीन अनुज्ञेय है ;

परन्तु यह और भी कि पब्लिक सैक्टर, निगमों तथा स्वायत निकायों के सभी कर्मचारियों को, जो ऐसे पब्लिक सैक्टर, निगमों तथा स्वायत निकायों के प्रारम्भिक गठन के समय ऐसे पब्लिक सैक्टर, निगमों / स्वायत निकायों में आमेलन से पूर्व सरकारी कर्मचारी थे, सीधी भर्ती में आयु सीमा में ऐसी ही रियायत दी जाएगी जैसी सरकारी कर्मचारियों को अनुज्ञेय है, किन्तु इस प्रकार की रियायत पब्लिक सैक्टर, निगमें तथा स्वायत निकायों के ऐसे कर्मचारीवृन्द को नहीं दी जाएगी जो पश्चातवर्ती ऐसे पब्लिक सैक्टर, निगमों / स्वायत निकायों द्वारा नियुक्त किए गए थे / किए गए हैं और उन पब्लिक सैक्टर, निगमों / स्वायत निकायों के प्रारम्भिक गठन के पश्चात् ऐसे निगमों / स्वायत निकायों की सेवा में अन्तिम रूप से आमेलित किए गए हैं / किए गए थे।

(1) सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा की गणना, उस वर्ष क प्रथम दिवस से की जाएगी जिसमें पद पदों को, आवेदन आमन्त्रित करने के लिए, यथास्थिति, विज्ञापित किया गया हैं या नियोजनालयों को अधिसूचित किया गया है।

(2) अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा और अनुभव, भर्ती प्राधिकरण के विवेकानुसार शिथिल किया जा सकेगा ।

7. सीधे भर्ती किए जाने वाले वयक्तियों के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अर्हताएं.–
(क) अनिवार्य अर्हताएं.––किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से आठवीं पास या इसके समकक्ष ।

(ख) वांछनीय अर्हताएं.––हिमाचल प्रदेश की रूढियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्तता ।

8. सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षणिक अर्हताएं, प्रोन्नति की दशा में लागू होगी या नहीं.––(1) आयु.–लागू नहीं ।

(2) शैक्षिक अर्हता.–लागू नहीं ।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो.**––दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और लिखित कारणों से आदेश दें।

10. **भर्ती की पद्धति.**––भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति, सैकेण्डमैन्ट आधार पर स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता शत प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा या संविदा के आधार पर ।

11. **प्रोन्नति, प्रतिनियुक्ति, स्थानान्तरण की दशा में श्रेणियां (ग्रेड) जिनसे प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति / स्थानान्तरण किया जाएगा.**––लागू नहीं ।

12. **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान हो, तो उसकी संरचना.**––लागू नहीं ।

13. **परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से भर्ती करने में, परामर्श लिया जाना है.**–– जैसा कि विधि द्वारा अपेक्षित हो ।

14. **सीधी भर्ती / संविदा पर नियुक्ति के लिए अनिवार्य अपेक्षा.**––किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी का भारत का नागरिक होना अनिवार्य है ।

15. **सीधी भर्ती द्वारा पद पर नियुक्ति के लिए चयन चयन.**––सीधी भर्ती के मामले में पद पर नियुक्ति के लिए चयन, मौखिक परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। यदि भर्ती प्राधिकरण ऐसा करना आवश्यक या समीचीन समझे, तो लिखित परीक्षा या व्यवहारिक परीक्षा के आधार पर किया जाएगा, जिसका स्तर / पाठ्यक्रम, इत्यादि भर्ती प्राधिकरण द्वारा अवधारित किया जाएगा ।

15(क) संविदा नियुक्ति द्वारा पद पर नियुक्ति के लिए चयन.––(I) संकल्पना.––(क) इस पॉलिसी के अधीन उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश में प्रयोगशाला परिचर को संविदा के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर लगाया जाएगा, जिसे वर्षानुवर्ष आधार पर दो और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(ख) अभ्यर्थियों का चयन, विभागाध्यक्ष द्वारा दो अग्रणी समाचार पत्रों में रिक्त पद का विज्ञापन देकर किया जाएगा ।

(ग) चयन इन नियमों में विहित पात्रता / शर्तों के अनुसार किया जायेगा।

(घ) इन नियमों के अधीन इस प्रकार चयनित संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को सरकारी सेवा (जॉब) में नियमितिकरण या स्थायी आमेलन का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा ।

(II) देय मानदेय.––संविदा के आधार पर नियुक्त प्रयोगशाला परिचर को मु0 3780 / –रुपये की समेकित संविदात्मक रकम (जो वेतनमान के प्रारम्भिक जमा महंगाई वेतन के बराबर होगी) प्रतिमास संदत्त की जाएगी। यदि संविदा में एक वर्ष से अधिक की बढौतरी की जाती है तो क्रमशः द्वितीय और तृतीय वर्ष के लिये संविदात्मक रकम में मु0 100 / –रुपये (पद के वेतनमान में वार्षिक वृद्वि के बराबर) वार्षिक वेतन वृद्वि के रूप में अनुज्ञात किए जाएंगे।

(III) नियुक्ति / अनुशासन प्राधिकारी.––निदेशक, उद्योग हिमाचल प्रदेश नियुक्ति और अनुशासन प्राधिकारी होगा ।

(IV) चयन प्रक्रिया.––(क) निदेशक उद्योग, हिमाचल प्रदेश वित्तीय वर्ष की समाप्ति से ठीक पूर्व प्रयोगशाला परिचर की रिक्तियों की बावत सरकार को सूचित करेगा और कार्यभार (वर्कलोड) तथा मानको के अनुसार पूर्ण औचित्य देते हुए रिक्तियों को भरने के लिए अनुमोदन प्राप्त करेगा ।

(ख) सरकार द्वारा अनुरोध पर विचार किया जाएगा और यदि प्रथमतः स्थानान्तरण के लिए कोई अनुरोध है तो सरकार नियमित पदधारी के स्थनान्तरण द्वारा रिक्ति को भरेगी या अन्यथा सरकार विभागाध्यक्ष को प्रयोगशाला परिचर के रिक्त पद को सुविधा के आधार पर भरने हेतु ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' जारी करेगी ।

(ग) विभागाध्यक्ष, रिक्त पद को संविदा के आधार पर भरने के लिए सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् नियोजनालयों के माध्यम से रिक्त पदों के ब्यौरे विज्ञापित करवायेगा और इन नियमों में विहित, अर्हताओं और अन्य पात्रता शर्ते रखने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन आमन्त्रित करेगा ।

(V) संविदात्मक नियुक्तियों के लिए चयन समिति.––जैसी जैसी निदेशक उद्योग, हिमाचल प्रदेश द्वारा समय–समय पर गठित की जाए ।

(VI) करार.––अभ्यर्थी को, चयन के पश्चात् इन नियमों से संलग्न उपाबन्ध–ख के अनुसार करार हस्ताक्षरित करना होगा ।

(VII) निबन्धन और शर्तें.––(क) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को मु0 3780/– रुपये की संविदात्मक रकम (जो वेतनमान के प्रारम्भिक जमा महंगाई वेतन के बराबर होगी) प्रतिमास संदत्त की जाएगी ।संविदा पर नियुक्त व्यक्ति क्रमशः द्वितीय व तृतीय वर्ष के लिए संविदात्मक रकम में 100/–रुपये (वेतनमान में वार्षिक वेतनमान के बराबर) की वार्षिक वृद्वि का हकदार होगा और अन्य कोई सहबद्ध प्रसुविधांए, जैसे वरिष्ठ/चयन वेतनमान आदि नहीं दिया जाएगा ।

(ख) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की सेवा पूर्णतया अस्थाई आधार पर होगी । नियुक्ति समाप्त किए जाने के लिए दायी होगी यदि संविदा पर नियुक्त व्यक्ति का कार्य/आचरण ठीक नहीं पाया जाता है ।

(ग) संविदात्मक नियुक्ति, पदधारी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितिकरण का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी ।

(घ) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति एक मास की सेवा पूरी करने के पश्चात् एक दिन के आकस्मिक अवकाश का हकदार होगा । यह अवकाश एक वर्ष तक संचित किया जा सकेगा। संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को किसी भी प्रकार का अन्य कोई अवकाश अनुज्ञात नहीं होगा । वह चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एल0टी0सी0 इत्यादि के लिए भी हकदार नहीं होगा/होगी । केवल प्रसूति अवकाश नियमानुसार दिया जाएगा।

(ड.) नियंत्रक अधिकारी के अनुमोदन के बिना सेवा से अनधिकृत अनुपस्थिति से स्वतः ही संविदा की समाप्ति (पर्यावसान) हो जाएगी।

(च) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति कर्त्तव्य से अनुपस्थिति की अवधि के लिए संविदात्मक रकम का हकदार नहीं होगा ।

(छ) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति का, किसी भी अवस्था में एक स्थान से दूसरे स्थान के लिए किसी भी दशा में स्थानान्तरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ज) चयनित अभ्यर्थी को सरकारी/रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी से अपना आरोग्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा । बारह सप्ताह से अधिक समय से गर्भवती महिला अभ्यर्थी प्रसव होने तक अस्थाई तौर पर अनुपयुक्त होगी । महिला अभ्यर्थियों का किसी प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी/व्यवसायी द्वारा उपयुक्तता के लिए पुनः निरीक्षण किया जाएगा ।

(झ) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति का, यदि अपने पदीय कर्त्तव्यों के सम्बन्ध में, दौरे पर जाना अपेक्षित हो, तो वह उसी दर पर, जैसी कि प्रतिस्थानी नियमित कर्मचारियों को वेतनमान के न्यूनतम् पर लागू है, यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का हकदार होगा ।

(VIII) नियमित नियुक्ति के लिए दावों का अधिकार.––इन नियमों के अधीन संविदा के आधार पर लगााए गए अभ्यर्थी को, किसी भी दशा में उद्योग विभाग में प्रयागे शाला परिचर के रूप में नियमितिकरण / स्थाई आमले न का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

16. आरक्षण.––उक्त सेवा में नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जन जातियों / अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए सेवा में आरक्षण की वावत जारी किए गए अनुदेशों के अधीन होगी।

17. विभागीय परीक्षा.––लागू नहीं ।

18. शिथिल करने की शक्ति.––जंहा राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है । वहां यह, कारणों को लिखित में अभिलिखित करक हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से आदेश द्वारा, इन नियमों के किन्हीं उपबन्धों को किसी वर्ग या व्यक्ति (व्यक्तियों) के प्रवर्ग या पद (पदों) की बावत्, शिथिल कर सकेगी ।

————————

उपाबन्ध–ख

प्रयोगशाला परिचर और हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य निदेशक उद्योग, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से निष्पादित किए जाने वाले संविदा / करार का प्ररूप

यह करार श्री / श्रीमती ..... सुपुत्र / सुपुत्री श्री ..... निवासी ....., संविदा पर नियुक्त व्यक्ति (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'प्रथम पक्षकार' कहा गया है) और हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, के माध्यम से निदेशक उद्योग, हिमाचल प्रदेश के मध्य (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'द्वितीय पक्षकार' कहा गया है) के मध्य आज तारीख को किया गया।

'द्वितीय पक्षकार' ने उपरोक्त प्रथम पक्षकार को लगाया है और प्रथम पक्षकार ने प्रयोगशाला परिचर के रूप में संविदा आधार पर निम्नलिखित निबन्धन और शर्तों पर सेवा करने के लिए सहमति दी हैः–

1. यह कि प्रथम पक्षकार प्रयागे शाला परिचर के रूप में से प्रारम्भ होने और ..... को समाप्त होने वाले दिन तक एक वर्ष की अवधि के लिए द्वितीय पक्षकार की सेवा में रहेगा। यह विनिर्दिष्ट रूप से उल्लिखित किया गया है दोनों पक्षकारों द्वारा करार पाया गया है कि प्रथम पक्षकार की द्वितीय पक्षकार के साथ संविदा, आखिरी कार्य दिवस अर्थात दिन को स्वयंमेव ही पर्यवसित (समाप्त) समझी जायेगी और सूचना नोटिस आवश्यक नहीं होगा।

2. प्रथम पक्षकार की संविदात्मक रकम मु0 3780 / –रुपये (जो वेतनमान के प्रारम्भिक जमा महंगाई वेतन के बराबर होगी) प्रतिमास होगी।

3. प्रथम पक्षकार की सेवा बिल्कुल अस्थाई आधार पर होगी, नियुक्ति समाप्त (पर्यवसित) की जाने के लिए दायी होगी। यदि संविदा पर नियुक्त व्यक्ति का कार्य / आचरण ठीक नहीं पाया जाता है।

4. संविदात्मक नियुक्ति, किसी भी अवस्था में नियमितिकरण सेवा के लिए पदधारी को कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी।

5. सविदा पर नियुक्त प्रयोगशाला परिचर, एक मास की सेवा पूरी करने के पश्चात् एक दिन के आकस्मिक अवकाश का हकदार होगा। यह अवकाश एक वर्ष तक संचित किया जा सकेगा। प्रयोगशाला परिचर को अन्य कोई अवकाश अनुज्ञात नहीं होगा। वह चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एल0टी0सी0 इत्यादि के लिए भी हकदार नहीं होगा / होगी। केवल प्रसूति अवकाश नियमानुसार दिया जाएगा ।

6. नियन्त्रक अधिकारी के अनुमोदन के बिना कर्त्तव्यों से अनधिकृत अनुपस्थिति से स्वतः ही संविदा का (पर्यावसान) समापन हो जायेगा। संविदा पर प्रयोगशाला परिचर कर्तव्य (डियूटी) से अनुपस्थिति की अवधि के लिए संविदात्मक रकम का हकदार नहीं होगा।

7. संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मचारी का, एक स्थान से दूसरे स्थान के लिए स्थानान्तरण किसी भी दशा में अनुज्ञात नहीं होगा ।

8. चयनित अभ्यर्थी को सरकारी / रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी से अपना अरोग्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। महिला अभ्यर्थियों की दशा में प्रसव होने तक उसे अस्थाई तौर पर अनुपयुक्त बना देगी । महिला अभ्यर्थी का किसी प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी / व्यवसायी द्वारा उपयुक्तता के लिए पुनः परीक्षण किया जाना चाहिये ।

9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति का, यदि अपने पदीय कर्त्तव्यों के सम्बन्ध में दौरे पर जाना अपेक्षित हो, तो वह उसी दर पर, जैसी की नियमित प्रतिस्थानी कर्मचारी वेतनमान की न्यूनतम पर लागू है, यात्रा भत्ते / दैनिक भत्ते का हकदार होगा / होगी।

